भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 3085
दिनांक 06 अगस्त, 2026

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और शहरी गैस वितरण नेटवर्क

3085. **डॉ. राजकुमार सांगवानः**

श्री राहुल कस्वां:

श्रीमती संजना जाटवः

श्री कुलदीप इंदौराः

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के अंतर्गत पात्र परिवारों को बड़े पैमाने पर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) कनेक्शन प्रदान कर स्वच्छ ऊर्जा तक पहुँच का विस्तार किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान पीएमयूवाई के अंतर्गत भरतपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अलवर, भरतपुर और डीग जिलों सहित जारी किए गए एलपीजी कनेक्शनों का ब्यौरा राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार क्या है और उन लाभार्थियों की संख्या राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी है जो वर्तमान में नियमित रूप से एलपीजी सिलेंडरों का उपयोग कर रहे हैं और उन लाभार्थियों की संख्या कितनी है जिन्होंने उक्त अवधि के दौरान एक भी रिफिल नहीं लिया है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान पीएमयूवाई लाभार्थियों द्वारा औसत एलपीजी रिफिल खपत का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान शहरी गैस वितरण (सीजीडी) के लिए उत्तर प्रदेश राज्य के जिलों और बागपत लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित प्राधिकृत भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) का ब्यौरा क्या है और भरतपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित राजस्थान और उत्तर प्रदेश में शहरी गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के अंतर्गत घरेलू पाइप्ड प्राकृक्तिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन प्रदान किए गए परिवारों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और जिला-वार संख्या कितनी है; और

(ङ) क्या सरकार ने रिफिलों की बढ़ती लागत के कारण गरीब परिवारों द्वारा एलपीजी के सीमित उपयोग का आकलन किया है और क्या वह राजसहायता योजना, उज्ज्वला योजना और अन्य सहायता उपायों के अंतर्गत रिफिलों को अधिक किफायती बनाने के लिए कोई अतिरिक्त सहायता प्रदान करने पर विचार कर रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ग): प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) मई, 2016 में देश भर में गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को जमानत मुक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। दिनांक 01.08.2026 तक, देश भर में लगभग 10.57 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन थे। विगत तीन वित्त वर्ष के दौरान पीएमयूवाई के तहत जारी किए गए एलपीजी कनेक्शनों का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण अनुलग्नक-क में है।

भरतपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के तहत अलवर, भरतपुर और डीग जिलों में विगत तीन वर्षों के दौरान पीएमयूवाई के तहत जारी किए गए एलपीजी कनेक्शनों का विवरण निम्नानुसार है:

जिला	विगत **तीन वित्तीय वर्षों के दौरान जारी किए गए पीएमयूवाई कनेक्शनों की संख्या**
अलवर	10,615
भरतपुर	11,199
डीग	7,467

स्रोत: पीएसयू ओएमसी की ओर से आईओसीएल

31 मार्च 2023 तक 9.60 करोड़ पीएमयूवाई लाभार्थी थे। वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2025-26 तक कोई रिफिल नहीं कराने वाले पीएमयूवाई लाभार्थियों की संख्या का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण अनुलग्नक-ख में दिया गया है।

विगत तीन वर्षों के दौरान पीएमयूवाई के पीएमयूवाई लाभार्थियों द्वारा औसत एलपीजी रिफिल खपत का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण अनुलग्नक-ग में दिया गया है।

(घ): पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन प्रदान करना और संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशनों की स्थापना नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का हिस्सा है, जिसमें,अन्य बातों के साथ-साथ,घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं का निर्माण और परिवहन क्षेत्र को सीएनजी का निर्माण शामिल है जो पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा प्राधिकृत कम्पनियों द्वारा किया जा रहा है। अप्रैल, 2023 से पीएनजीआरबी द्वारा प्राधिकृत जीए की सूची अनुलग्नक-घ में है।

बागपत जिला जीए बागपत का हिस्सा है जो थिंक गैस बागपत प्राइवेट लिमिटेड को प्राधिकृत है। दिनांक 31.05.2026 तक, प्राधिकृत इकाई ने जीए में 5,448 घरेलू पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए हैं। भरतपुर गेल गैस लिमिटेड को प्राधिकृत फिरोजाबाद (ताज ट्रेपेजियम जोन) जीए का हिस्सा है। दिनांक 31.05.2026 तक, प्राधिकृत कम्पनियों ने जीए में 32,065 घरेलू पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए हैं। उत्तर प्रदेश और राजस्थान राज्य में घरेलू पीएनजी कनेक्शनों की जिले-वार प्रगति अनुलग्नक-ङ और अनुलग्नक-च में दी गई है।

(ङ): घरेलू एलपीजी का खुदरा बिक्री मूल्य जून 2026 से 942 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर (दिल्ली) पर बनाए रखा गया है, जिसमें जून 2026 में 700 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर और जुलाई 2026 के दौरान 500 रुपये प्रति सिलेंडर से अधिक की अंतर्निहित राजसहायता (अल्प-वसूली) की गई थी। अगस्त 2026 के महीने के लिए भी, 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर के आरएसपी पर 188 रुपये प्रति सिलेंडर की अंतर्निहित राजसहायता दी जाती है। 10.5 करोड़ से अधिक पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए, 300 रुपये प्रति सिलेंडर की लक्षित राजसहायता के बाद, प्रभावी मूल्य केवल 642 रुपये प्रति सिलेंडर (प्रति वर्ष 4 रिफिल तक) है।

सरकार देश में घरों को सस्ते मूल्यों पर घरेलू एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है, जिसके लिए सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 में ओएमसीज को 22,000 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया है और वित्त वर्ष 2025-26 और वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान 30,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। इस मुआवजे के भुगतान के बाद भी, 30 जून 2026 तक घरेलू एलपीजी पर पीएसयू ओएमसीज की संचित अल्प-वसूली 51,000 करोड़ रुपये से अधिक थी।

*****

अनुलग्नक-क

'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और शहरी गैस वितरण नेटवर्क' के संबंध में दिनांक 06.08.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.3085 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

विगत तीन वर्षों में पीएमयूवाई के तहत जारी किए गए एलपीजी कनेक्शन की राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश-वार ब्यौरा

राज्य/केंद्र शासित प्रदेश	ओएमसीज़ द्वारा जारी पीएमयूवाई कनेक्शन की संख्या
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	625
आंध्र प्रदेश	6,26,191
अरुणाचल प्रदेश	6,010
असम	8,49,456
बिहार	13,39,921
चंडीगढ़	1,374
छत्तीसगढ	4,84,817
दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	3,974
दिल्ली	1,48,421
गोवा	789
गुजरात	5,64,392
हरियाणा	4,46,006
हिमाचल प्रदेश	12,081
जम्मू और कश्मीर	36,705
झारखंड	3,41,028
कर्नाटक	4,90,277
केरल	50,553
लद्दाख	2
लक्षद्वीप	61
मध्य प्रदेश	8,22,200
महाराष्ट्र	3,87,720
मणिपुर	27,240
मेघालय	1,10,439
मिजोरम	4,872
नागालैंड	40,658
ओडिशा	3,35,281
पुडुचेरी	5,501
पंजाब	80,381
राजस्थान	6,01,529
सिक्किम	6,348
तमिलनाडु	5,07,051
तेलंगाना	86,313
त्रिपुरा	50,336
उत्तर प्रदेश	14,99,108
उत्तराखंड	35,939
पश्चिम बंगाल	8,215

स्रोत: पीएसयू ओएमसीज़ की ओर से आईओसीएल

अनुलग्नक-ख

'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और शहरी गैस वितरण नेटवर्क' के संबंध में दिनांक 06.08.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.3085 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान पीएमयूवाई के उन लाभार्थियों की संख्या का विवरण जिन्होंने कोई रिफिल नहीं लिया।

राज्य/केंद्र शासित प्रदेश	**तीन वित्तीय वर्षों में कोई रिफिल न लेने वाले पीएमयूवाई लाभार्थियों की संख्या**
अंडमान और निकोबार	947
आंध्र प्रदेश	14,740
अरुणाचल प्रदेश	3,070
असम	6,69,518
बिहार	5,93,451
चंडीगढ़	4
छत्तीसगढ	6,00,561
दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	190
दिल्ली	5,398
गोवा	25
गुजरात	81,783
हरियाणा	25,571
हिमाचल प्रदेश	3,911
जम्मू और कश्मीर	53,218
झारखंड	3,90,515
कर्नाटक	87,239
केरल	7,377
लद्दाख	290
लक्षद्वीप	5
मध्य प्रदेश	5,78,960
महाराष्ट्र	94,677
मणिपुर	9,943
मेघालय	30,567
मिजोरम	2,509
नागालैंड	8,616
ओडिशा	3,52,035
पांडिचेरी	170
पंजाब	34,962
राजस्थान	1,53,649
सिक्किम	791
तमिलनाडु	1,44,459
तेलंगाना	42,542
त्रिपुरा	78,368
उत्तर प्रदेश	5,01,612
उत्तराखंड	18,882
पश्चिम बंगाल	8,41,233
कुल	**54,31,788**

स्रोत: पीएसयू ओएमसीज़ की ओर से आईओसीएल

अनुलग्नक-ग

'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और शहरी गैस वितरण नेटवर्क' के संबंध में दिनांक 06.08.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.3085 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

विगत तीन वर्षों में प्रति कनेक्शन खपत का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार ब्यौरा

राज्य/केंद्र शासित प्रदेश	पीएमयूवाई लाभार्थियों की प्रति कनेक्शन खपत (14.2 कि.ग्रा. /वर्ष के संदर्भ में)		
	2023-24	2024-25	2025-26
चंडीगढ़	4.88	7.26	7.25
दिल्ली	6.61	7.57	7.58
हरियाणा	6.10	6.76	6.76
हिमाचल प्रदेश	4.08	4.47	4.28
जम्मू और कश्मीर	3.43	4.03	4.27
लद्दाख	2.97	4.54	5.23
पंजाब	5.52	5.63	5.49
राजस्थान	4.45	4.93	5.02
उत्तर प्रदेश	4.56	5.08	5.35
उत्तराखंड	4.88	5.04	5.15
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	5.60	6.06	5.16
अरुणाचल प्रदेश	3.77	4.14	4.10
असम	2.96	3.36	3.65
बिहार	3.82	4.15	4.49
झारखंड	2.73	3.20	3.68
मणिपुर	4.24	4.40	4.49
मेघालय	2.40	2.60	2.90
मिजोरम	4.70	5.37	5.34
नागालैंड	3.23	3.97	4.32
ओडिशा	3.46	4.03	4.32
सिक्किम	3.62	4.77	5.17
त्रिपुरा	2.67	3.20	3.63
पश्चिम बंगाल	3.90	4.78	5.03
छत्तीसगढ	1.92	2.39	2.52
दादरा और नगर हवेली	4.92	4.92	4.72
गोवा	3.93	4.27	4.67
गुजरात	4.76	5.31	5.56
मध्य प्रदेश	3.11	3.50	3.73
महाराष्ट्र	4.62	5.19	5.33
आंध्र प्रदेश	3.73	4.42	4.68
कर्नाटक	4.76	5.35	5.49
केरल	3.99	4.40	4.75
लक्षद्वीप	3.82	3.60	4.35
पुडुचेरी	6.25	6.91	6.97
तमिलनाडु	4.38	4.81	5.04
तेलंगाना	3.47	3.67	3.70

स्रोत: पीएसयू ओएमसीज़ की ओर से आईओसीएल

अनुलग्नक-घ

'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और शहरी गैस वितरण नेटवर्क' के संबंध में दिनांक 06.08.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.3085 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

अप्रैल 2023 से पीएनजीआरबी द्वारा अधिकृत जीएज़ का विवरण

प्राधिकरण का महीना	प्राधिकरण तिथि	भौगोलिक क्षेत्र (जीए)	अधिकृत संस्था
अप्रैल 2023	25-अप्रैल-2023	फरीदाबाद-2 (हरियाणा)	अडानी टोटल गैस लिमिटेड
अप्रैल 2023	25-अप्रैल-2023	गुरुग्राम-2 (हरियाणा)	हरियाणा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड
अप्रैल 2023	25-अप्रैल-2023	नोएडा (ग्रेटर नोएडा सहित), उत्तर प्रदेश	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड
अप्रैल 2024	19-अप्रैल-2024	अरुणाचल प्रदेश राज्य	बीपीसीएल और ऑयल इंडिया लिमिटेड का संघ
अप्रैल 2024	19-अप्रैल-2024	अनंतनाग , बांदीपोरा , बारामुल्ला , बडगाम , डोडा , गंदेरबल , कारगिल , किश्तवाड़ , कुलगाम , कुपवाड़ा , लेह , पुंछ , पुलवामा , राजौरी , रामबन , शोपियां और श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख)	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
अप्रैल 2024	19-अप्रैल-2024	मेघालय राज्य	एचसीजी (केसीई) प्राइवेट लिमिटेड और अन्य का संघ
अप्रैल 2024	19-अप्रैल-2024	मिजोरम राज्य	त्रिपुरा प्राकृतिक गैस कंपनी लिमिटेड
अप्रैल 2024	19-अप्रैल-2024	नागालैंड राज्य	एचपीओआईएल गैस प्राइवेट लिमिटेड
अप्रैल 2024	19-अप्रैल-2024	सिक्किम राज्य	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
अप्रैल 2024	22-अप्रैल-2024	मणिपुर राज्य	त्रिपुरा प्राकृतिक गैस कंपनी लिमिटेड

स्रोत: पीएनजीआरबी

अनुलग्नक- ङ

'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और शहरी गैस वितरण नेटवर्क' के संबंध में दिनांक 06.08.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.3085 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

दिनांक की स्थिति के अनुसार 31.05.2026 उत्तर प्रदेश जिला-वार डेटा					
क्रमांक	**जीए आईडी**	**जीए का नाम**	**कवर किए गए जिले**	**संस्था का नाम**	**घरेलू पीएनजी**
1	1.03	मथुरा	मथुरा जिला	टोरेंट गैस लिमिटेड	26937
2	1.06	मेरठ	मेरठ जिला	गेल गैस लिमिटेड	82896
3	2.02	इलाहाबाद	इलाहाबाद जिला।	इंडियन ऑयल अदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड	25159
4	2.03	झांसी	झांसी जिला	सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड	29580
5	6.02	सहारनपुर जिला	सहारनपुर जिला	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	30077
6	8.05	बुलंदशहर (भाग) जिला	बुलन्दशहर जिला	इंडियन ऑयल अदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड	16257
7	8.06	बागपत जिला	बागपत जिला	बागपत ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड	5448
8	9.76	बुलंदशहर जिला (ईएएए), अलीगढ़ और हाथरस जिले	अलीगढ़ जिला	इंडियन ऑयल अदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड	0
			बुलन्दशहर जिला	इंडियन ऑयल अदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड	7344
			हाथरस जिला	इंडियन ऑयल अदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड	0
9	9.77	इलाहाबाद जिला (ईएएए), भदोही और कौशाम्बी जिले	इलाहाबाद जिला।	इंडियन ऑयल अदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड	8441
			भदोही जिला	इंडियन ऑयल अदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड	0
			कौशांबी जिला	इंडियन ऑयल अदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड	0
10	9.78	अमेठी , प्रतापगढ़ और रायबरेली जिले	अमेठी जिला	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	3125
			प्रतापगढ़ जिला	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	398
			रायबरेली जिला	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	4189
11	9.79	औरैया , कानपुर देहात और इटावा जिले	औरैया जिला	टोरेंट गैस लिमिटेड	9102
			इटावा जिला	टोरेंट गैस लिमिटेड	6734
			कानपुर देहात जिला	टोरेंट गैस लिमिटेड	2074
12	9.8	फैजाबाद और सुल्तानपुर जिले	फैजाबाद जिला	ग्रीन गैस लिमिटेड	2063
			सुल्तानपुर जिला	ग्रीन गैस लिमिटेड	0
13	9.81	गोरखपुर, संत कबीर नगर और कुशीनगर जिले	गोरखपुर जिला	टोरेंट गैस लिमिटेड	18369
			कुशीनगर जिला	टोरेंट गैस लिमिटेड	0
			संत कबीर नगर जिला	टोरेंट गैस लिमिटेड	395
14	9.82	मेरठ जिला (ईएएए), मुजफ्फरनगर और शामली जिले	मेरठ जिला	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड	1905
			मुजफ्फरनगर जिला	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड	66030

स्रोत: पीएनजीआरबी

(जारी)

दिनांक की स्थिति के अनुसार 31.05.2026 उत्तर प्रदेश जिलावार डेटा					
क्रमांक	जीए आईडी	जीए का नाम	कवर किए गए जिले	संस्था का नाम	घरेलू पीएनजी
			शामली जिला	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड	10299
15	9.83	मुरादाबाद (ईएएए) जिला	मुरादाबाद जिला	टोरेंट गैस लिमिटेड	13433
16	9.84	उन्नाव (ईएएए) जिला	उन्नाव जिला	ग्रीन गैस लिमिटेड	749
17	10.31	झांसी (ईएएए) जिला, भिंड , जालौन , ललितपुर और दतिया जिले	जालौन जिला	अडानी टोटल गैस लिमिटेड	0
			झांसी जिला	अडानी टोटल गैस लिमिटेड	0
			ललितपुर जिला	अडानी टोटल गैस लिमिटेड	0
18	10.36	आजमगढ़ , मऊ और बलिया जिले	आजमगढ़ जिला।	टोरेंट गैस लिमिटेड	11103
			बलिया जिला	टोरेंट गैस लिमिटेड	0
			मऊ जिला	टोरेंट गैस लिमिटेड	3879
19	10.37	बरेली (ईएएए) जिला, पीलीभीत और रामपुर जिले	बरेली जिला	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2476
			पीलीभीत जिला	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	6552
			रामपुर जिला	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	8006
20	10.38	बस्ती और अंबेडकरनगर जिले	अंबेडकर नगर जिला	टोरेंट गैस लिमिटेड	1899
			बस्ती जिला	टोरेंट गैस लिमिटेड	7761
21	10.39	फर्रुखाबाद , एटा और हरदोई जिले	एटा जिला	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2023
			फ़र्रूख़ाबाद जिला।	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	6526
			हरदोई जिला	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	10671
22	10.4	गोंडा और बाराबंकी जिले	बाराबंकी जिला	टोरेंट गैस लिमिटेड	6224
			गोंडा जिला	टोरेंट गैस लिमिटेड	4302
23	10.41	जौनपुर और गाज़ीपुर ज़िले	गाज़ीपुर जिला	इंडियन ऑयल अदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड	0
			जौनपुर जिला	इंडियन ऑयल अदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड	7849
24	10.42	कानपुर (ईएएए) जिला, फतेहपुर और हमीरपुर जिले	फतेहपुर जिला	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड	31842
			हमीरपुर जिला	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड	8857
			कानपुर जिला	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड	19936
25	10.43	मैनपुरी और कन्नौज जिले	कन्नौज जिला	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	3212
			मैनपुरी जिला	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	14521
			चंदौली जिला	गेल गैस लिमिटेड	11863

स्रोत: पीएनजीआरबी

दिनांक की स्थिति के अनुसार 31.05.2026 उत्तर प्रदेश जिला-वार डेटा

क्रमांक	जीए आईडी	जीए का नाम	कवर किए गए जिले	संस्था का नाम	घरेलू पीएनजी
26	10.44	मिर्ज़ापुर , चंदौली और सोनभद्र ज़िले	मिर्ज़ापुर ज़िला	गेल गैस लिमिटेड	291
			सोनभद्र जिला	गेल गैस लिमिटेड	352
27	10.45	शाहजहांपुर और बदायूं जिले	बदायूं जिला	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2369
			शाहजहांपुर जिला	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	18096
28	10.46	बिजनौर और नैनीताल जिले	बिजनौर जिला	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	7917
29	11.07	गोपालगंज , सीवान , पश्चिम चंपारण , पूर्वी चंपारण और देवरिया जिले	देवरिया जिला	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	19975
30	11.58	अमरोहा (पहले से अधिकृत क्षेत्र को छोड़कर) और संभल (पहले से अधिकृत क्षेत्र को छोड़कर) जिले	अमरोहा जिला	मेघा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड	0
			संभल (पहले से अधिकृत क्षेत्र को छोड़कर) जिला	मेघा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड	0
31	11.59	कासगंज जिला	कासगंज जिला	मेघा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड	0
32	11.63	बांदा, चित्रकूट और महोबा	बांदा जिला	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड	31388
			चित्रकूट जिला	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड	0
			महोबा जिला	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड	7555
33	97.06	वाराणसी जिला	वाराणसी जिला	गेल इंडिया लिमिटेड	133606
34	98.01	खुर्जा	बुलन्दशहर जिला	अडानी टोटल गैस लिमिटेड	14713
35	98.03	मुरादाबाद	मुरादाबाद जिला	टोरेंट गैस लिमिटेड	43181
36	99.03	बरेली	बरेली जिला	सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड	60089
37	99.04	कानपुर	कानपुर जिला	सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड	139016
38	99.1	आगरा	आगरा जिला।	ग्रीन गैस लिमिटेड	117415
39	99.13	फिरोजाबाद (ताज समलम्ब क्षेत्र)	अलीगढ़ जिला	गेल गैस लिमिटेड	0
			फिरोजाबाद जिला	गेल गैस लिमिटेड	11601
			हाथरस जिला	गेल गैस लिमिटेड	0
			मथुरा जिला	गेल गैस लिमिटेड	8404
40	99.17	लखनऊ	लखनऊ जिला	ग्रीन गैस लिमिटेड	131923
41	99.19	गाजियाबाद और हापुड़ जिले	गाजियाबाद जिले	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड	437310
			हापुड जिला	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड	6272
42	99.2	नोएडा (ग्रेटर नोएडा सहित)	गौतम बुद्ध नगर जिला	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड	468279
			बहराइच	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	23359
			बलरामपुर	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	3545

स्रोत: पीएनजीआरबी

दिनांक की स्थिति के अनुसार 31.05.2026 उत्तर प्रदेश जिलावार डेटा					
क्रमांक।	**जीए आईडी**	**जीए का नाम**	**कवर किए गए जिले**	**संस्था का नाम**	**घरेलू पीएनजी**
43	11ए.01	लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर और महाराजगंज जिले	लखीमपुर खेरी	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	33682
			महाराजगंज	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	3016
			श्रावस्ती	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	1114
			सिद्धार्थ नगर	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	4005
			सीतापुर	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	37354
कुल					**2306333**

स्रोत: पीएनजीआरबी

अनुलग्नक- च

'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और शहरी गैस वितरण नेटवर्क' के संबंध में दिनांक 06.08.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.3085 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

दिनांक की स्थिति के अनुसार 31.05.2026 राजस्थान जिलावार डेटा							
क्रमांक।	जीए आईडी	जीए का नाम	अधिकृत संस्था का नाम	प्राधिकरण की तिथि	लक्ष्य पूरा होने की तिथि	कवर किए गए जिले	पीएनजी घरेलू कनेक्शन
1	1.02	कोटा	राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड	01-जून-09	30-जून-14	कोटा जिला	81288
2	9.55	बाड़मेर , जैसलमेर और जोधपुर जिले	एजीपी सीजीडी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	28-सितंबर-18	30-सितंबर-30	बाड़मेर जिला	568
						जैसलमेर जिला	0
						जोधपुर जिला	50503
3	9.56	अलवर (भिवाड़ी के अलावा) और जयपुर जिले	टोरेंट गैस जयपुर प्राइवेट लिमिटेड	27-08-2018 (नई शुरू होने की तारीख 01.04.2022)	31-मार्च-30	अलवर जिला	266
						जयपुर जिला	19063
4	9.57	कोटा जिला (ईएएए), बारां और चित्तौड़गढ़ (केवल रावतभाटा तालुका) जिले	टोरेंट गैस लिमिटेड	13-सितंबर-18	30-सितंबर-28	बारां जिला	1454
						चित्तौड़गढ़ जिला	0
						कोटा जिला	5327
5	9.58	भीलवाड़ा और बूंदी जिले	अडानी टोटल गैस लिमिटेड	14-सितंबर-18		बिलवाड़ा जिला	5154
						बूंदी जिला	0
6	9.59	चित्तौड़गढ़ (रावतभाटा के अलावा) तालुका) और उदयपुर जिले		13-सितंबर-18		चित्तौड़गढ़ जिला	29233
						उदयपुर जिला	0
7	9.6	धौलपुर जिला	धौलपुर सीजीडी प्राइवेट लिमिटेड	28-सितंबर-18		धौलपुर जिला	2741
8	10.3	झाबुआ , बांसवाड़ा , रतलाम और डूंगरपुर जिले	गुजरात गैस लिमिटेड	29-मार्च-19	31-मार्च-29	बांसवाड़ा जिला	632
						डूँगरपुर जिला।	0
9	10.34	अजमेर, पाली और राजसमंद जिले	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड			अजमेर जिला	249309
						पाली जिला	20342
						राजसमंद जिला	4384
10	10.35	जालोर और सिरोही जिले	गुजरात गैस लिमिटेड			जालौर जिला।	2470
						सिरोही जिला	8291
11	11.22	आगर मालवा , नीमच , मंदसौर और झालावाड़ जिले	मेघा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड	15-मार्च-22	31-मार्च-30	झालावाड़ जिला	0
12	11.41	फाजिल्का (पहले से अधिकृत क्षेत्र को छोड़कर), गंगानगर और हनुमानगढ़ जिले	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	04-मई-22	30-जून-30	गंगानगर जिला	20436
						हनुमानगढ़ जिला	7418
13	11.42	बीकानेर और चूरू जिले	गैसोनेट सर्विसेज (आरजे) लिमिटेड	15-मार्च-22	31-मार्च-30	बीकानेर जिला	643
						चूरू जिला	0
14	11.43	झुंझुनू , सीकर और नागौर जिले	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	23-03-2022 (नई शुरू होने की तारीख 01.04.2023)	31-मार्च-31	झुंझुनू जिला	3370
						नागौर जिला	0
						सीकर जिला	3497
15	11.44	दौसा , करौली , सवाई माधोपुर और टोंक जिले	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	15-मार्च-22	31-मार्च-30	दौसा जिला	125
						करौली जिला	0
						सवाई माधोपुर जिला	0
						टोंक जिला	7865
16	98.12	भिवाड़ी (अलवर जिले में)	हरियाणा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (भिवाड़ी) लिमिटेड	01-अगस्त-18	30-सितंबर-25	अलवर जिला	7631
17	99.13	फिरोजाबाद (ताज समलम्ब क्षेत्र)	गेल गैस लिमिटेड	26-सितंबर-11	25-अगस्त-14	भरतपुर जिला	12060
कुल							**544070**

स्रोत: पीएनजीआरबी